

मैं उस प्रभु का सेवक हूँ जिसे अज्ञानी मनुष्य कहते है
स्वामी विवेकानंद

MPHIN/2009/34626

# यशोन्नति

दैनिक यशोन्नति की और खबरों एवं ई पेपर के लिये लॉग इन करें https://dainikyashonnati.com
एप डाउनलोड करें

वर्ष 8+16 अंक 85 | प्रधान संपादक- राजेश अग्रवाल | yasonati@gmail.com | सिवनी सोमवार 04 दिसंबर 2023 | संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी | मूल्य 1.50 पृष्ठ-4

पृष्ठ-3 संपादकीय एवं प्रदेश समाचार
पृष्ठ-3 सिवनी /बालाघाट समाचार
पृष्ठ-4 मंडला समाचार .....

## बरघाट विधानसभा क्रमांक 114



भाजपा के कमल मर्सकोले की हुई जीत



भाजपा प्रत्याशी कमल मर्सकोले 111614 मत प्राप्त

कांग्रेस प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोड़िया 94029 मत प्राप्त

अंतर - 17585

## सिवनी विधानसभा क्रमांक 115



*दिनेश राय मुनमुन की हुई जीत*



भाजपा प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन 116795 प्राप्त मत

कांग्रेस प्रत्याशी आनंद पंजवानी 98377 प्राप्त मत

अंतर -18418

## केवलारी विधानसभा क्रमांक 116



कांग्रेस के ठाकुर रजनीश सिंह जीते



भाजपा प्रत्याशी राकेश पाल सिंह 89054 मत प्राप्त

कांग्रेस प्रत्याशी ठाकुर रजनीश सिंह 122814 मत प्राप्त

अंतर - 33760

## लखनादौन विधानसभा क्रमांक 117



कांग्रेस के योगेंद्र सिंह बाबा जीते



भाजपा प्रत्याशी विजय कुमार उईके 95898 मत प्राप्त

कांग्रेस प्रत्याशी योगेन्द्र सिंह बाबा 114519 मत प्राप्त

अंतर -18621

# दो विधानसभाओं में भाजपा तो दो पर कांग्रेस ने ऐतिहासिक जीत दर्ज की

सिवनी यशोः- सिवनी जिले की चारों विधानसभाओं के निर्वाचन के लिये हुये मतों की गणना का काम आज संपन्न हुआ । संपन्न परिणाम में जो परिणाम आये वह जीत हार की दृष्टि से ऐतिहासिक तो है ही इन परिणाम ने एक नया इतिहास भी रचा है । जिले की चार विधानसभाओं में से दो पर भाजपा एवं दो पर कांग्रेस ने कब्जा जमाया । सिवनी जिला मु यालय की सिवनी विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी दिनेश राय मुनमुन ने अपनी जीत दर्ज कर वह मिथक तोड़ दिया जिसके बारे में कहा जाता रहा है कि सिवनी विधानसभा से कोई भी व्यक्ति दो बार से अधिक अपनी जीत दर्ज कराने में सफल नहीं रहा है यहाँ से दिनेश राय मुनमुन ने कांग्रेस के आनंद पंजवानी को 18418 मतों से पराजित किया । विधानसभा चुनाव में दिनेश राय मुनमुन को कुल 116795 प्राप्त हुये जबकि कांग्रेस के प्रत्याशी आनंद पंजवानी को 98377 मत प्राप्त हुये ।

इसी प्रकार बरघाट विधानसभा में भाजपा के प्रत्याशी कमल मर्सकोले ने भाजपा के परंपरागत गढ़ में पुनः कब्जा करते हुये कांग्रेस के प्रत्याशी अर्जुन सिंह काकोडिया 17585 मतों से पराजित किया है । बरघाट विधानसभा से कमल मर्सकोले 2008 एवं 2013 के निर्वाचन में जीत कर दो बार विधायक रहे है 2018 के विधानसभा चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ने कमल मर्सकोले को प्रत्याशी घोषित करने के बाद अंतिम समय उनका टिकिट काट दिया था और नरेश बरकड़े को प्रत्याशी बनाया था नरेश बरकड़े बिना पूर्व तैयारी के चुनाव लड़ गये थे और भाजपा को हार का सामना करना पड़ा था । 2023 के विधानसभा चुनाव में भाजपा ने पुनः कमल मर्सकोले को प्रत्याशी घोषित किया जिसमें कमल मर्सकोले ने शानदार जीत दर्ज करते हुये 111614 मत प्राप्त किये वहीं कांग्रेस के अर्जुन सिंह काकोडिया को 94029 मत प्राप्त हुये ।



केवलारी विधानसभा में कांग्रेस के प्रत्याशी ठाकुर रजनीश हरवंश सिंह ने अपनी ऐतिहासिक जीत दर्ज करते हुये भाजपा के राकेश पाल सिंह को 33760 मतो से पराजित कर उस मिथक को बरकरार रखा जिसमें कहा जाता है कि कांग्रेस के अलावा अन्य किसी विरोधी दल का नेता केवलारी विधानसभा से लगातार दो बार चुनाव में जीत दर्ज नहीं करता और केवलारी विधानसभा में लगातार कांग्रेस का ही कब्जा रहता है । केवलारी विधानसभा में ठाकुर रजनीश सिंह ने जो जीत दर्ज की है वह अबतक की केवलारी से सबसे बड़ी जीत है इतने अधिक अंतर से कांग्रेस के क्षत्रप कहे जाने वाले स्व. ठाकुर हरवंश भी जीत दर्ज करने का रिकार्ड नहीं बना पाये थे । ठाकुर रजनीश सिंह को 122814 मत प्राप्त हुये जबकि भाजपा के राकेश पाल सिंह को 89054 मत प्राप्त हुये ।

इसी प्रकार लखनादौन विधानसभा से कांग्रेस के योगेन्द्र सिंह बाबा ने तीसरी बार अपनी जीत दर्ज कर इतिहास बनाया है उन्होंने भाजपा के विजय उईके के 18621मतों से परास्त किया है । कांग्रेस के योगेन्द्र सिंह बाबा को 114519 मत प्राप्त हुये जबकि भाजपा के विजय उईके को 95898 मत प्राप्त हुये ।

## दिनेश राय मुनमुन ने ऐतिहासिक जनादेश के लिए माना सभी के प्रति आभार

सिवनी यशोः-आज दिन- रविवार, दिनांक 03/12/2023 को सिवनी विधानसभा क्षेत्र के मतदाता बंधुओं ने बड़े उत्साह के साथ भारतीय



विधानसभा क्षेत्र के जनमानस द्वारा पुनः दिये गये ऐतिहासिक जनादेश के लिए श्री दिनेश राय मुनमुन ने सभी जनों के प्रति आभार व्यक्त किया। श्री दिनेश राय मुनमुन ने कहा कि सिवनी विधानसभा चुनाव में जनता पार्टी एवं मुझ पर विश्वास व्यक्त करते हुए पुनः ऐतिहासिक जनादेश देकर जो भरोसा जताया है उसके लिये विधानसभा क्षेत्र के समस्त मतदाता बंधुओं, मातृशक्ति, वरिष्ठ भाजपा नेताओं, भाजपा पदाधिकारियों, जेष्ठ-श्रेष्ठ देवतुल्य कार्यकर्ताओं का हृदय से आभार व्यक्त करता हूं। इसके साथ ही श्री दिनेश राय मुनमुन ने शांति पूर्ण, निष्पक्ष मतगणना प्रक्रिया संपन्न कराने वाले अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रिंट एवं इले ट्रानिक मीडिया के पत्रकार बंधुओं के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया।

## प्रहलाद पटेल नरसिंगपुर से जीते



सिवनी यशोः भारतीय जनता के सिवनी सांसद प्रहलाद सिंह पटेल ने सिवनी में विधानसभा चुनाव के दौरान सिवनी में एक चुनावी सभा को संबोधित करते हुये कहा था कि 2003 को 2023 में दोहराया जाएगा और आज यह नतीजों में देखा जा सकता है। श्री पटेल वर्तमान में नरसिंगपुर विधानसभा से भाजपा के प्रत्याशी थे जो 31 हजार से अधिक मतो से विजयी हुये है उन्होंने कहा कि मैं मध्य प्रदेश की जनता और पार्टी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

## जबरन नॉलेज




# .....और पूरे प्रदेश में छा गया चल गया शिवराज का एम के वाय फार्मूला

सिवनी यशोः- मध्य प्रदेश में 18 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी भारतीय जनता पार्टी की सत्ता में प्रचंड बहुमत के साथ जबरदस्ती वापसी के पीछे एम के वाय फे टर का सबसे बड़ा योगदान माना जा रहा है और इसी फे टर ने शिवराज सरकार की एंटी इंकबंसी को प्रो इंकबंसी में बदलने में सारे अनुमानों को ध्वस्त कर दिया । मध्यप्रदेश के परिणामों में एम के वाय फार्मूले ने भाजपा को जबदस्त समर्थन दिया । एम के वाय फार्मूला का मतलब प्रदेश की आधी आबादी महिला वर्ग के लिये आकर्षित करने वाली लाड़ली बहना योजना के का मतलब किसानों को आकर्षित करने वाले समर्थन मूल्य के अतिरिक्त बोनस की योजना जिसमें किसानों को गेहूँ का 2700 रूपये प्रति क्विंटल एवं धान का मूल्य 3100 रूपये देने की घोषणा एवं वाय मतलब युवाओं को रोजगार प्रदान करने की गारंटी वाली योजना सीखो सिखाओ कमाओं योजना ने भाजपा को प्रचंड बहुमत प्रदान का कामाल किया है ।

भारतीय जनता पार्टी सरकार की कल्याणकारी योजनाओं का इतना जबरदस्त अंडर करेंट रहेगा इसका किसी भी राजनैतिक विशलेषक को अनुमान नहीं था । प्रदेश में विधानसभा चुनाव के नतीजों ने सबको चौंका दिया है। राजनैतिक विशलेषक जनता को पढ़ने में सफल नहीं रहे परिणामों ने सिद्ध कर दिया है कि मतदाता मतपेटियों में अपने मत को बंद कर देता है परंतु उसका सार्वजनिक प्रगटीकरण नहीं करता । एक साल पहले से राजनैतिक पंडित जनता की नब्ज टटोल रहे थे और मतदान के पश्चात तक सर्वे किये गये उसके बाद भी अंत तक बताया जाता रहा है कि भाजपा और कांग्रेस में सत्ता को लेकर काटे की टक्कर है परंतु जब इले ट्रानिक वोटिंग मशीनों से परिणाम आये तो परिणामों ने सभी को चौंका दिया । पूरे प्रदेश में भाजपा को मतगणना के प्रारंभिक चरण से भारी बहुमत प्रदान करने के संकेत प्रदान किये ।

डेढ वर्ष कमलनाथ सरकार के शासन को छोड़ दिया जाये तो 20 साल से सत्ता की बागडोर संभाल रही भाजपा के प्रति राजनैतिक पंडित साल भर से प्रचारित करते रहे कि शिवराज सरकार के प्रति प्रदेश में जनाक्रोश है

मामा शिव ने साबित कर दिया कि सूबे में अब भी उनका ही राज रहने वाला है। बता दें कि 230 विधानसभा सीटों वाली मध्य प्रदेश विधानसभा में अब तक आए चुनावी नतीजों पर नजर डाले तो भाजपा 130 से ज्यादा सीटों के साथ प्रचंड बहुमत की ओर बढ़ रही है।

### युवाओं, किसानों एवं महिला सशक्तिकरण ने किया कमाल

मध्य प्रदेश में 18 साल तक सत्ता में रहने के बाद भी मामा शिवराज सिंह चौहान ने अपने खिलाफ बने एंटी इंकबंसी को प्रो इंकबंसी में बदल दिया। इसमें उनकी सरकार की तरफ से युवा के लिये सीखो कमाओ योजना, किसानों को समर्थन मूल्य के अतिरिक्त बोनस के माध्यम से गेहूँ का मूल्य 2700 प्रति क्विंटल एवं धान का मूल्य 31 सौ रूपये प्रति क्विंटल देने की योजना के साथ लाड़ली बहना योजना ने अहम किरदार निभाया। बता दें कि मध्य प्रदेश की 1.31 करोड़ महिलाओं को 1250 रुपये हर महीने दिये जा रहे हैं। इन योजनाओं ने शिवराज के लिए एक लाभार्थी वर्ग बना दिया। एमपी की 7 करोड़ आबादी में लाडली बहना योजना की लाभार्थियों ने शिवराज को भर भर कर वोट दिया



है।

इन महिलाओं लड़कियों के लिए शिवराज का नाम एक भरोसा था, इस पर उन्होंने यकीन किया। अनुमान है कि बीजेपी अगर कांग्रेस का परंपरागत वोटर माने जाने वाले एससी-एसटी वोट में भी सेंध लगाती नजर आ रही है तो इसके पीछे लाडली बहना योजना बताई जा रही है। एमपी की बेटियों ने शिवराज की इस स्कीम को भविष्य की गारंटी समझा और वोट दिया।

### कमलनाथ के 18 माह – शिवराज के 18 साल

इस चुनाव में शिवराज ने न सिर्फ योजनाओं को प्रचारित किया। बल्कि अपने पुराने रिकॉर्ड का भी हवाला दिया और भाजपा ने बताया कि उसके द्वारा गांव और शहर के लिये `या` या काम किये गये । मजदूरों किसानों, व्यापारियों एवं शासकीय सेवको के लिये किये गये काम का आंकडों के साथ रिकार्ड प्रस्तुत किया । अपने 18 साल के गवर्नेंस की दुहाई दी। इस दौरान शिवराज ने गांव की बेटी और लाडली लक्ष्मी योजना का हवाला दिया। वहीं, उन्होंने 2018 से 2020 तक चली कमलनाथ के सरकार को लेकर जमकर निशाना साधा। सरकार ने सड़के बनायी, बिजली देने में सफल रही, सिंचाई योजनाओं का ऐतिहासिक विकास किया । यह सभी कार्यो को आंकड़ो सहित बताया ।

### सरकारी चौपालो का भी रहा व्यापक असर

शिवराज सरकार ने किये कार्यो को हर प्रकार के प्रचार तंत्र के माध्यम से आम जनता को बताया वहीं पिछले कुछ माहों में अनेक तरह की चौपालो के माध्यम से हर वर्ग को खुश करने का जो काम किया उसके परिणाम यह हुये कि जनता में व्यापक असर हुआ है । शिवराज ने कल्याणकारी घोषणाओं की बाढ़ लगा दी। उन्होंने राज्य के 30 लाख जूनियर स्तर के कर्मचारियों के लिए वेतन और भत्ते में वृद्धि की। आशा उषा कार्यकर्त्ताओं को मानदेय बढ़ाने की घोषणा की । कोटवारो की चौपाल लगायी और उनसे आत्मीय ढंग से मिले पत्रकारों की चौपाल में पत्रकार हितो की अनेक घोषणाएँ की , आंगनवाड़ी कार्यकर्ताओं को भी तोहफा दिया और उनका वेतन 10,000 रुपये से बढ़कर 13,000 रुपये किया. इसके अलावा शिवराज ने रोजगार सहायको का मानदेय दोगुना (9,000 रुपये से 18,000 रुपये) करने और जिला पंचायत अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला अध्यक्ष, उपाध्यक्ष और उपसरपंच और पंच जैसे नेताओं का मानदेय तीन गुना करने का भी वादा किया है। अनेक सामाजिक संगठनों, खेल प्रतिभाओं के लिये लोक लुभावनी घोषणाएँ की । वहीं कांग्रेस के नेता इन घोषणाओं पर प्रश्न खड़े करते रहे और प्रदेश के मु यमंत्री को घोषणावीर मु यमंत्री बताकर जनता की खुशी पर दुख प्रगट करने से जनता में कांग्रेस के प्रति द्वेष पैदा हुआ।

### आस्था के केन्द्रो के प्रति भाजपा लगाव मतदाताओं में रहा प्रभावकारी

भारीतय जनता पार्टी ने धार्मिक आस्था के केन्द्रों के प्रति जो लगाव दिखाया उसका आम जनता पर व्यापक असर रहा वहीं सनातन का मुद्दा प्रदेश की जनता के मन मस्तिक पर बैठ गया और भाजपा की सनातन रक्षक छवि को अच्छा प्रतिसाद प्राप्त हुआ । प्रदेश में हिंदुत्व की जड़ें काफी गहरी हैं और हित्ववादी संगठनों का प्रभाव भी प्रदेश में उसके साथ ही प्रदेश कांग्रेस हिन्दुत्व को छेड़ने में अपनी दुर्दशा को भांप चुकी थी परंतु चोरी छिपे गैर हिन्दुवादी संगठनों से चर्चा कर जो बाते कांग्रेसी नेता कहते थे वह सार्वजनिक या प्रयोजित तरीके से सोशल मीडिया पर वायरल होते रही है । कथित सेकुलर कांग्रेस को भी एमपी में सॉ ट हिन्दुत्व के सहारे चलना पड़ा। लेकिन मतदाताओं को जब चुनने की जरूरत हुई तो उन्होंने बीजेपी को प्राथमिकता दी । शिवराज राज्य में मंदिरों का कायाकल्प हुआ । उन्हें आध्यात्मिकता के साथ साथ आधुनिकता का कलेवर दिया और केंद्र की बीजेपी भी इसी नीति पर चल रही है।

उज्जैन कॉरिडोर इसी का उदाहरण है। इसके अलावा शिवराज ने राज्य के चार मंदिरों-सलकनपुर में देवीलोक, ओरछा में रामलोक, सागर में रविदास स्मार्क और चित्रकूट में दिव्य वनवासी लोक के विस्तार और स्थापना के लिए 358 करोड़ रुपये का बजट दिया है। इसके अलावा शिवराज ने उत्तर प्रदेश की तरह अपने यहां भी बुलडोजर ब्रांड की राजनीति का इस्तेमाल किया। उज्जैन में शोभायात्राओं पर पत्थर फेंकने वालों के घर बुलडोजर चले। उज्जैन में ही बच्ची के साथ रेप के आरोपी का घर बुलडोजर से ढहा दिया गया।

## प्रधानमंत्री ने जनता का माना आभार

नई दिल्ली -मध्य प्रदेश की जनता ने बीजेपी को प्रचंड बहुमत से जीत दिलाई है। 230 विधानसभा सदस्यीय राज्य में सरकार बनाने के लिए 116 सीटें चाहिए।



जनता ने बीजेपी को करीब 166 सीटों पर जीत का आशीर्वाद दिया है। बीजेपी को मिली जीत से गदगद होकर पीएम नरेंद्र मोदी ने जनता जनार्दन को नमन किया है। साथ ही कार्यकर्ताओं का आभार जताया है। शुरुआती रुझानों से ही बीजेपी ने बढ़त बना ली थी जिसे बरकरार रखा और जीत का परचम लहरा दिया है। शिवराज सिंह चौहान ने बंपर जीत के लिए लाडली बहनों का आभार जताया है।

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनावों के रुझान कांग्रेस के लिए झटका देने वाले हैं। इस चुनाव में कांग्रेस राज्य से साफ हो गई है और बीजेपी प्रचंड बहुमत से जीती है। सीएम शिवराज ने नतीजों पर खुशी जाहिर की है और इसके लिए पीएम मोदी को क्रेडिट दिया है। शिवराज ने कहा है कि पीएम नरेंद्र मोदी मध्य प्रदेश के मन में हैं और मोदी जी के मन में मध्य प्रदेश है। उन्होंने जो यहां सभाएं और जनता से अपील की, वो जनता के दिल को छू गई और उसी कारण ये नतीजे आ रहे हैं।

# 6 क्विंटल शुद्ध देशी घी जोधपुर से अयोध्या रवाना



9 वर्षों की तपस्या से संचित, 108 कलशों में भरे, देशी गायों के, 600 किलोग्राम शुद्ध देशी घी से जलेगी अखंड ज्योति, होगी राम लला की प्रथम आरती और लगेंगी हवन में आहुतियां। ये गौ घृत जोधपुर के पास बनाड़ में महर्षि संदीपन राम धाम गौशाला से कार्तिक पूर्णिमा के दिन गत सोमवार को अयोध्या रवाना तो हो गया किंतु, ट्रेन, बस या कार में नहीं अपितु, बैलों द्वारा संचालित पांच सुसज्जित रथों में। गौशाला के संचालक महर्षि संदीपन महाराज के नेतृत्व में 1100 से अधिक किमी की यह दूरी 21 दिनों में पूरी होगी। रथों में 108 शिवलिंग भी अयोध्या आ रहे हैं। अयोध्या के लिए समारोह पूर्वक रवाना हो कर मार्ग में सैकड़ों गांवों में इनका दर्शन पूजन अर्चन भी हो रहा है। यह राम धाम गौ घृत यात्रा आज जयपुर पहुंच रही है। गत 9 वर्षों से इन गायों को सिर्फ हरा चारा, सूखा चारा व पानी ही देकर अन्य बाहरी खाद्य पदार्थों से दूर रखा गया है।

# 2 दिसंबर की वो रात, जब 39 साल पहले दहल गया था भोपाल

**39 साल पहले दो और तीन दिसंबर की रात भोपाल दहल गया था। गैस कांड की रविवार को 39 वीं बरसी है। गैस त्रासदी की याद जिंदा बचे लोगों को भयंकर सपने की तरह परेशान करती है।**



भोपाल। मध्यप्रदेश की राजधानी में दो दिसंबर 1984 की सर्द रात को यूनियन कार्बाइड फै ट्री से जहरीली गैस के रिसाव ने न केवल यहां हजारों लोगों की जान ले ली थी, बल्कि त्रासदी के 39 साल बाद भी यह जीवित बचे लोगों को एक भयंकर सपने की तरह याद है। इस हादसे के बाद यह कारखाना बंद किया जा चुका है।

दो और तीन दिसंबर, 1984 की मध्यरात्रि को कीटनाशक कारखाने से जहरीली गैस के रिसाव के बाद कम से कम 3,787 लोग मारे गए और पांच लाख से अधिक लोग शारीरिक रूप से प्रभावित हुए। गैस पीड़ित और रेलवे के सेवानिवृत्त मु य आरक्षण अधीक्षक महेंद्रजीत सिंह 79 ने बताया कि हादसे वाली दो दिसंबर की रात को मैं डर से कांप उठा। मैंने उस ठंडी रात में लोगों को मरते हुए देखा था।

उस भयावह रात को याद करते हुए, सिंह ने कहा कि उस रात लगभग दो बजे मेरा परिवार सो रहा था, जब यूनियन कार्बाइड कारखाने से कुछ ही दूरी पर स्थित रेलवे कॉलोनी में लोगों की चीख-पुकार ने हमें जगाया। हम घर से बाहर भागे और कारखाने से निकलने वाली गैस से बचने के लिए स्कूटर से और पैदल भागे।

ऑल इंडिया रिटायर रेलवेमेन फेडरेशन वेस्टर्न ज़ोन के अध्यक्ष सिंह ने कहा कि उनके परिवार ने उनके घर से चार किमी दूर एक होटल में रात बिताई। कुछ साल बाद उन्?होंने ने अपनी मां और छोटे भाई को खो दिया जो जहरीली गैस के संपर्क में आए थे। उन्होंने कहा कि गैस रिसाव के तीन दिन बाद, मैंने देखा कि हमारे घर के पास एक पीपल के पेड़ की पत्तियां गिर गई थीं और वह मृत और बेजान दिखाई दे रहा था।

महेंद्र जीत सिंह ने बताया कि कि शहर के अन्य हिस्सों में भी पेड़-पौधों पर जहरीली गैस का असर देखा गया। उन्होंने बताया कि त्रासदी के बाद, ऐसी अफवाहें थीं कि फै ट्री से बची हुई जहरीली गैस निकलेगी। ऐसी अपुष्ट खबरों को देखते हुए हमने पड़ोसी होशंगाबाद जिले में शरण ली। महेंद्र जीत सिंह ने कहा कि उन्होंने इस त्रासदी में अपने कई सहयोगियों को खो दिया है और जो बच गए, वे बीमारियों, विशेषकर सांस लेने की समस्याओं के साथ जी रहे हैं।

वहीं, सेवानिवृत्त सहायक स्टेशन मास्टर रामबली प्रसाद वर्मा बताया कि वह भाग्यशाली थे कि आपदा से बच गये। उन्होंने बताया कि यूनियन कार्बाइड फै ट्री की चारदीवारी के पास स्थित रेलवे केबिन में मेरी ड्यूटी 2 दिसंबर की रात 10 बजे खत्म हो गई। आधी रात के आसपास, जब फै ट्री से गैस लीक हुई, तब वर्मा रेलवे स्टेशन के पास रेलवे कॉलोनी में अपने घर पर थे। उन्होंने कहा कि जहरीली गैस से बचने के लिए हम इधर-उधर भागे और हमें कुछ दूर स्थित सेना के वाहन में शरण मिली।

रामबली वर्मा और उनका परिवार दिन निकलने पर घर लौट आए, लेकिन कुछ घंटों बाद फिर से अपना घर छोड़ना पड़ा` योंकि ऐसी अफवाहें थीं कि बची हुई जहरीली गैस तीन दिसंबर को सुबह 11 बजे के आसपास फिर निकाली जायेगी। इसके बाद वर्मा का परिवार इंदौर चला गया और चीजें ठीक होने पर वापस लौटा था। उन्?होंने कहा कि जब मैं उस ठंडी रात के बारे में सोचता हूं, तो मैं कांपने लगता हूं। गैस के संपर्क में आने के कारण मुझे सांस लेने में दिक्कत आती है और दमा हो गया है।

# विधानसभा चुनाव में जो जीता वह रिसोर्ट के अंदर, सब भोपाल बुलाए गए




भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 में ऐसी तनावपूर्ण स्थिति मतदान के दिन भी नहीं थी जितनी मतगणना के दिन बन गई है। भारतीय जनता पार्टी और कांग्रेस पार्टी दोनों के नेताओं ने बड़े पैमाने पर तैयारी की है। ऐसा लग रहा है जैसे दो कबीलों में कड़ा संघर्ष होने वाला है। स्पष्ट निर्देश दिए गए हैं कि जैसे ही कोई प्रत्याशी चुनाव में विजय घोषित किया जाएगा वैसे ही उसे पूरी दुनिया से डिस्कने ट कर दिया जाएगा, और भोपाल के लिए रवाना कर दिया जाएगा। किसी अज्ञात रिसॉर्ट में सबके रुकने की व्यवस्था की गई है।

**चुनाव परिणाम के दिन कांग्रेस पार्टी की रणनीति**

शुक्रवार की रात कांग्रेस पार्टी के तमाम नेता रणनीति बनाते रहे। शनिवार की रात बनाई गई रणनीति को एग्जी यूट करने के लिए तमाम तैयारियां की गई। कांग्रेस पार्टी के नेता कमलनाथ एवं दिग्विजय सिंह ने से सभी नेताओं को मध्य प्रदेश के विभिन्न इलाकों में तैनात कर दिया है। इन नेताओं की जि मेदारी है कि जैसे ही कोई कैंडिडेट चुनाव जीतेगा, उसे तत्काल सबसे दूर कर दिया जाएगा। परिवार और समर्थकों से मेल मिलाप के बाद उसे अज्ञात स्थान पर ले जाया जाएगा। सबको बताया जाएगा कि भोपाल में आवश्यक मीटिंग बुलाई गई है। कई अज्ञात स्थान पर रिसोर्ट में जीते हुए विधायकों के ठहरने के इंतजाम किए गए हैं। बिल्कुल अंतिम समय में पता चलेगा कि किस विधायक को कौन से रिसोर्ट में जाना है।

**भाजपा में घेराबंदी नहीं होगी लेकिन घर पर रुकने भी नहीं देंगे**

भारतीय जनता पार्टी की रणनीति भी लगभग ऐसी ही है। जीते हुए प्रत्याशियों की घेराबंदी तो नहीं की जाएगी लेकिन उन्हें घर पर भी नहीं रुकने देंगे। भोपाल में पार्टी की अनिवार्य मीटिंग के नाम पर सभी नवनिर्वाचित विधायकों को उनके परिवार और समर्थकों से अलग कर दिया जाएगा। 24 घंटे के भीतर सभी नवनिर्वाचित भाजपा विधायक मध्य प्रदेश की सीमाओं से बाहर निकल चुके होंगे। इन सभी के ठहरने के लिए भी एक से अधिक स्थानों का चयन किया गया है। अंतिम समय में पता चलेगा कि नवनिर्वाचित विधायकों की बस अथवा लाइट कहा जाएगी।

# भोपाल में हादसा, रिटायर्ड IAS के घर लि ट गिरी, एक की मौत

**राजधानी भोपाल में एक रिटायर्ड आईएएस के घर की लि ट गिर गई। इस हादसे में एक युवक की मौके पर मौत हो गई। जिस व ?त हादसा हुआ तब लि ट के मेंटेनेंस का काम चल रहा था।**

भोपाल। राजधानी भोपाल के एक पॉश इलाके में लि ट में गिरने से एक कर्मचारी की मौत हो गई। यह हादसा एक पूर्व आईएएस के घर में निर्माण के दौरान हुआ है। आईएएस का नाम प्रभांशु कमल है। पुलिस के अनुसार इस हादसे में एक मजदूर की मौत हुई है। विस्तृत जांच अभी जारी है। बताया जा रहा है कि यह हादसा राजधानी में लि ट लगाने के दौरान हुआ, जिस घर में लि ट लगाई जा रही थी वह बंगला पॉश कॉलोनी चूनाभट्टी एरिया में बना हुआ है। पुलिस के अनुसार लि ट लगाते समय हादसे में राजकुमार नाम के कर्मचारी की मौत हुई है। कंफर्ट लेक चालेट चूनाभट्टी श्रीवास्तव होम नामक बंगला प्रभांशु कमल का है। जैसे ही हादसा हुआ तो उनके परिवार ने आनन-फानन में प्राइवेट ए बुलेंस बुलाकर मृतक राजकुमार के शव को रवाना कर दिया। चूंकि एक पूर्व आईएएस का मामला है और यह परिवार काफी प्रभावशाली है, इसलिए हादसे को लेकर लीपापोती की जा रही है।

पुलिस ने बताया कि बंगले में फाइन स्टार कंपनी लि ट लगाने का काम कर रही थी। कंपनी द्वारा अकुशल मजदूरों से लि ट लगवाने का काम कराया जा रहा था। इसी दौरान यह हादसा हो गया और मजदूर की दबने से मौत हो गई। प्रभांशु कमल एमपीईएसबी के चेयरमैन भी रह चुके हैं। यह वहीं एमपीईएसपी है, जो मध्य प्रदेश में सरकारी नौकरियों और प्रवेश परीक्षाओं का आयोजन करवाती है।

# हाईकोर्ट से ओबीसी वर्ग को राहत; सिविल जज परीक्षा के लिए LLB में 70 से घटाकर किए 50 प्रतिशत अंक



जबलपुर। मध्य प्रदेश के जबलपुर स्थित हाईकोर्ट से ओबीसी वर्ग को राहत मिली है। हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस रवि विजय कुमार मलिमठ और जस्टिस विशाल मिश्रा की युगलपीठ ने सिविल जज परीक्षा के लिए ओबीसी वर्ग के अ यर्थियों के लिए एलएलबी में 70 प्रतिशत अंक की अनिवार्यता को घटाकर 50 प्रतिशत करने के आदेश जारी किए है। युगलपीठ ने हाईकोर्ट रजिस्ट्रार को इस संबंध में तीन दिनों के अंदर अधिसूचना जारी करने के निर्देश भी जारी किए हैं।

नरसिंहपुर निवासी अधिवक्ता वर्षा पटेल की तरफ से दायर याचिका में हाईकोर्ट की अनुशंसा पर प्रदेश सरकार न्यायिक सेवा भर्ती नियम 1994 में किए गए संशोधन को चुनौती दी गई थी। इसके साथ अन्य जिलों के उ मीदवारों ने भी याचिकाएं दायर कर नियमों को चुनौती दी है। याचिका में कहा गया है कि उक्त संशोधन के तहत एलएलबी में 70 फीसदी से कम अंक प्राप्त करने वाले अ यर्थी तीन साल की वकालत के अनुभव के बाद सिविज जज परीक्षा के योग्य होंगे, जो अवैधानिक है। सिविल जज के साक्षात्कार परीक्षा में 50 अंकों में से न्यूनतम 20 अंक प्राप्त किए जाने पर ही सिविल जज के पद के योग्य मान्य किया गया है। याचिका में कहा गया है कि नियमों में कहीं भी यह प्रावधान नहीं किया गया है कि अनारक्षित पदों को परीक्षा के प्रथम और द्वितीय चरण में कैसे भरा जाएगा। इसके अलावा ओबीसी वर्ग के लिए समस्त योग्यताएं अनारक्षित वर्ग के समान निर्धारित की गई हैं, जो कि संविधान के अनुच्छेद 14 और 16(4) तथा आरक्षण अधिनियम 1994 का उल्लंघन है। याचिका में राहत चाही गई है कि हाईकोर्ट की समस्त भर्तियों को निष्पक्ष और पारदर्शी बनाने के लिए लोक सेवा आयोग या राज्य की किसी परीक्षा एजेंसी से परीक्षा कराई जाए।

याचिका पर शुक्रवार को हुई सुनवाई के दौरान हाईकोर्ट रजिस्ट्रार की तरफ से जवाब पेश नहीं किया गया। युगलपीठ ने सुनवाई के बाद ओबीसी वर्ग के लिए सामान्य वर्ग के एलएलबी में 70 प्रतिशत अंक निर्धारित किए जाने को अवैधानिक मानते हुए उक्त आदेश जारी किए। याचिकाकर्ताओं की तरफ से वरिष्ठ अधिवक्ता नमन नागरथ, अधिवक्ता रामेश्वर सिंह ठाकुर और अधिवक्ता विनायक शाह ने पैरवी की।

# मिचौंग तूफान का असर, भोपाल मंडल से गुजरने वाली 38 ट्रेनें निरस्त




भोपाल। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों में मिचौंग तूफान की चेतावनी दी गई है। इसको देखते हुए रेलवे ने 38 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है।

मिचौंग तूफान का असर मध्य प्रदेश में भी देखने मिल रहा है। आंध्र प्रदेश के तटीय इलाकों से मिचौंग साइे लोन के टकराने की चेतावनी दी गई। इसके चलते रेल प्रशासन ने एहतियात बरतते हुए भोपाल मंडल से गुजरने वाली 38 ट्रेनों को निरस्त कर दिया है। यात्रियों को असुविधा न हो इसके लिए विभाग ने अधिकृत रेलवे पूछताछ सेवा एनटीईएस /139 से ट्रेनों की सही स्थिति की जानकारी पता करने के बाद ही यात्रा शुरू करने की सलाह दी है।

# इंदौर में रिश्वतखोर पटवारी को मिली चार साल की सजा

## इस पूरे मामले में चौकीदार श्याम सोलंकी के खिलाफ दोष सिद्ध नहीं हुआ, जिस पर कोर्ट ने उसे दोषमुक्त किया।



इन्दौर। इंदौर जिले में एक पटवारी द्वारा जमीन नपती में गड़बड़ी करने के एवज में 1 लाख रुपए की रिश्वत लेने वाले पटवारी सहित दो आरोपियों को स्पेशल कोर्ट ने तीन धाराओं में 4-4 साल के कारावास की सजा सुनाई है। साथ ही अदालत ने उन पर जुर्माना भी लगाया है।

आमतौर पर एक कहावत कही जाती है कि पटवारी` या होता है यह देखना हो तो उसके क्षेत्र में जमीन ले लो! इन पंक्तियों से जमीन मालिकों को पटवारी द्वारा किस कदर परेशान किया जाता होगा और रिश्वत का कैसा खेल चलता है इसका अंदाजा लगाया जा सकता है। ऐसे ही एक मामले में इंदौर में जमीन की नपती में गड़बड़ी करने वाले पटवारी सहित 3 आरोपी कोर्ट में नप गए हैं। आरोपियों के नाम कमल बीसी (पटवारी) तथा राजकुमार पटेल, महू हैं।

**यह है पूरा ममला**

बता दें कि मामला 9 अप्रैल 2015 का है, आरोपियों ने फरियादी भगवान पटेल से उनकी जमीन की नपती यथावत रहने के एवज में 2 लाख रुपए की रिश्वत मांगी थी। इसी राशि के एक लाख रुपए लेते हुए लोकायुक्त पुलिस ने उन्हें रंगे हाथों पकड़ लिया था। मामले में चौकीदार श्याम सोलंकी को भी शामिल पाया गया था। इस पर तीनों के खिलाफ केस दर्ज किया गया। आठ साल चली सुनवाई में 30 नवंबर को फैसला हुआ। इसमें स्पेशल कोर्ट ने आरोपी कमल व राजकुमार को भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम की धारा 7, 13 (1) डी, 13 (2) पीसी ऐ ट एवं धारा 120 बी में दोषी पाते हुए तीनों धाराओं में 4-4 वर्ष की सजा तथा प्रत्येक धारा में 5-5 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया है। आरोपी श्याम सोलंकी के खिलाफ दोष सिद्ध नहीं हुआ, जिस पर कोर्ट ने उसे दोष मुक्त किया। लोकायुक्त की ओर से पैरवी विशेष लोक अभियोजक आशीष खरे ने की

# बोर्ड परीक्षा में केंद्राध्यक्ष भी नहीं ले जा सकेंगे मोबाइल

## मप्र बोर्ड परीक्षा में मोबाइल रहेगा प्रतिबंधित पाए जाने पर 10 साल की होगी सजा




*** माशिमं की 10वीं व 12वीं की परीक्षा में इस साल करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे**
*** पिछले साल बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र बहुप्रसारित हो गया था, मोबाइल को जि मेदार माना गया**

भोपाल । इस बार मप्र बोर्ड की 10 वीं व 12 वीं की परीक्षा के दौरान मोबाइल पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा यहां तक कि केंद्राध्यक्ष भी मोबाइल नहीं रख सकेंगे। परीक्षा केंद्र के अंदर किसी के भी पास मोबाइल पाया गया तो 10 साल की सजा होगी। माध्यमिक शिक्षा मंडल (माशिमं) की ओर से 10 वीं व 12 वीं के प्रश्नपत्र बहुप्रसारित होने से बचाने के लिए इस बार परीक्षा केंद्र के अंदर मोबाइल प्रतिबंधित होगा। केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक सहित किसी भी स्टाफ के पास मोबाइल पाया गया तो 10 साल की सजा होगी और मंडल के परीक्षा कार्य से उन्हें डिबार किया जाएगा। केंद्रों के बाहर लोहे की पेटी रखी जाएगी। इसमें मोबाइल को जमा करना होगा। परीक्षा केंद्रों से माशिमं को सूचना देने या परीक्षा की निगरानी करने के लिए मोबाइल के बदले वैकल्पिक व्यवस्था की जाएगी। इसमें लैंडलाइन फोन के उपयोग के साथ-साथ पोर्टल तैयार किया जा रहा है, ताकि परीक्षा केंद्रों से सूचनाओं का आदान-प्रदान हो सके। इसमें ईमेल के माध्यम से मंडल की पूरी कंट्रोलिंग होगी। साथ ही आफलाइन प्रक्रिया को बंद कर आनलाइन प्रक्रिया अपनाई जाएगी। बता दें, कि 10 वीं व 12 वीं के 16 विषयों के प्रश्नपत्र पिछले साल मोबाइल के उपयोग से बहुप्रसारित हो गए थे। इस कारण इस वर्ष कई कड़े कदम उठा ए जा रहे हैं। साल बोर्ड परीक्षा में करीब 17 लाख विद्यार्थी शामिल होंगे।

**मोबाइल से हुआ था प्रश्नपत्र बहुप्रसारित**

मंडल के अधिकारियों का कहना है कि पिछले साल बोर्ड परीक्षा का प्रश्नपत्र बहुप्रसारित होने के कारणों की जांच करने पर मोबाइल को सबसे बड़ा जि मेदार माना गया। पुलिस थाना से प्रश्नपत्र परीक्षा कक्ष तक पहुंचने के दौरान मोबाइल से फोटो खींचकर इंटरनेट मीडिया पर बहुप्रसारित किया गया था। हालांकि पहले भी मोबाइल परीक्षा केंद्र के अंदर ले जाने के लिए प्रतिबंधित था, लेकिन फिर भी केंद्राध्यक्ष, सहायक केंद्राध्यक्ष, पर्यवेक्षक और स्टाफ लेकर जाते थे।बस विद्यार्थियों के लिए स ती बरती जाती थी।

**मंडल में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा**


मंडल में कंट्रोल रूम बनाया जाएगा। यहां पर हर जिले का प्रभारी बनाया जाएगा। सभी प्रभारी अपने-अपने जिले की निगरानी करेंगे। इस बार परीक्षा केंद्रों की किसी भी तरह की सूचना मंडल को जल्द मिलेगी।

**वर्जन-**

पिछले साल 10वीं व 12वीं बोर्ड परीक्षा के प्रश्नपत्र बहुप्रसारित होने का सबसे बड़ा कारण मोबाइल था। इस बार मोबाइल परीक्षा केंद्र के अंदर पूरी तरह से प्रतिबंधित होगा। मोबाइल पाए जाने पर दस साल की सजा होगी।

**केडी त्रिपाठी,सचिव,माशिमं**

# इंदौर में हरदा के सब इंस्पे टर की संदिग्ध मौत, डेड बॉडी फांसी पर लटकी मिली



इंदौर। मध्य प्रदेश के इंदौर में हरदा के रहने वाले सब इंस्पे टर श्री विकास पाटिल की संदिग्ध मृत्यु हो गई। विकास पाटिल इंदौर के विजयनगर थाने में सदस्य थे और हरदा के रहने वाले हैं। उनकी डेड बॉडी उन्हीं के कमरे में है फांसी के फंदे पर झूलती हुई मिली है। कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है परंतु पुलिस का मानना है कि उन्होंने आत्महत्या की है।

**एसआई विकास पाटिल हरदा के रहने वाले थे**

2016 में वे पुलिस में भर्ती हुए थे। इसके बाद इंदौर के क्षिप्रा, लसूड़िया और द्वारकापुरी थाने पर भी अपनी सेवाएं दे चुके थे। घटना की जानकारी मिलते ही एडिशनल डीसीपी आलोक शर्मा भी मौके पर पहुंच गए। उन्होंने बताया कि मल्हारगंज थाना क्षेत्र में पुलिस के लिए बनी मल्टी में सब इंस्पे टर विकास पाटिल ने कथित रूप से सुसाइड कर लिया है। पुलिस ने घटना स्थल का मुआयना किया है। एफएसएल की टीम को भी बुलाया गया। फिलहाल शव को एमवाय अस्पताल में पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। परिजनों को सूचना दी गई है, उनके पहुंचने तक शव यहीं सुरक्षित रखा जाएगा।

**शुक्रवार से किसी का फोन नहीं उठा रहे थे**

विजय नगर थाना प्रभारी ने बताया कि विकास पाटिल यहां पर अकेले थे। उन्हें कई बार फोन भी किया गया था। वे दो दिन से किसी का फोन भी नहीं उठा रहे थे। जब शनिवार को थाने के ही एक पुलिसकर्मी कुलदीप ने कमरे में जाकर देखा तो वह फांसी के फंदे पर लटके मिले। एसआई विकास की पत्नी परिवार के शादी समारोह में शामिल होने हरदा गई थी।

**परिवार में होने वाला था शादी समारोह**

पुलिस अफसरों के मुताबिक विकास पाटिल के परिवार में किसी सदस्य की 8 दिसंबर को शादी होने वाली है। परिवार के लोग उसी तैयारी में लगे हुए है। विकास पाटिल भी मतगणना के बाद शादी समारोह में जाने वाला था।

# मैं प्रदेश अध्यक्ष पद से इस्तीफा नहीं दूंगा, नेता प्रतिपक्ष बनूंगा, कमलनाथ के संकेत



भोपाल। मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में शर्मनाक हार के बावजूद कांग्रेस पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री कमलनाथ ने स्पष्ट संकेत दे दिया है कि मैं अपने पद से इस्तीफा नहीं दूंगा। राजधानी भोपाल में प्रेस के सामने अपनी पराजय स्वीकार करते हुए कमलनाथ ने कहा कि हम अपने कर्तव्य पर डटे रहेंगे। कमलनाथ की इस पंक्ति का अर्थ है कि मैं इस्तीफा नहीं दूंगा और नेता प्रतिपक्ष भी मैं ही बनूंगा।

कमलनाथ से इस्तीफा और दिग्विजय सिंह से संन्यास की उ मीद थी

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव 2023 के नतीजे जिस प्रकार से सामने आए हैं उसके बाद उ मीद की जा रही थी की कमलनाथ, अपनी शिकायत को स्वीकार करते हुए कांग्रेस पार्टी के पद से इस्तीफा दे देंगे। इसके अलावा विधानसभा चुनाव में उनके पार्टनर श्री दिग्विजय सिंह राजनीति से पूरी तरह संन्यास लेने का ऐलान कर देंगे, परंतु ऐसा कुछ भी नहीं हुआ। कमलनाथ और दिग्विजय सिंह प्रेस के सामने आए और अपनी शिकायत भी स्वीकार की परंतु नैतिकता के आधार पर कोई फैसला नहीं सुनाया। कमलनाथ ने अपने बयान में, यह स्पष्ट कर दिया कि विपक्ष का नेता होने के नाते उनकी ` या योजनाएं हैं और वह किस प्रकार से काम करेंगे।

**कांग्रेस नहीं कमलनाथ और दिग्विजय सिंह चुनाव हारे हैं**

समीक्षा के दौरान लोगों का कहना है कि मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी नहीं बल्कि कमलनाथ और दिग्विजय सिंह की जुगलबंदी चुनाव हार गई है। एक तरफ कमलनाथ ने पार्टी के विचारधारा को किनारे करके, कांग्रेस पार्टी का भगवाकरण कर दिया। कांग्रेस पार्टी की सूरत बदल कर रख दी थी। मध्य प्रदेश में कांग्रेस पार्टी भारतीय जनता पार्टी की बी टीम नजर आती थी। इस पूरे घटनाक्रम में दिग्विजय सिंह ने उनके साथ दिया और उनके विरोधियों को चुप कराया। पार्टी की विचारधारा की बात करने वाले लोगों को पार्टी से बाहर कर दिया गया या फिर उन्हें निष्क्रिय रहने पर मजबूर कर दिया गया। टिकट वितरण के दौरान दिग्विजय सिंह ने अपने हिस्से में आई सीटों पर कमलनाथ की भी नहीं सुनी।

# सत्ता विरोध का लाभ   यों नहीं उठा पाई कांग्रेस

## कांग्रेस को मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हार मिली है। कांग्रेस अब अपनी पराजय के कारणों को तलाशने में जुट गई है



भोपाल। मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव के परिणाम सामने हैं। कांग्रेस को करारी हार का मुंह देखना पड़ा है। राहुल गांधी की भारत जोड़ो यात्रा, जन आक्रोश रैली, कांग्रेस की 11 गारंटी, नारी स मान योजना, 50 परसेंट कमिशन की सरकार इनमे से कोई भी मुद्दा जनता के बीच चल नहीं पाया। अब भोपाल से लेकर दिल्ली तक समीक्षा बैठकों का दौर चलेगा। राजनीतिक पंडित भी कांग्रेस की हार के कारणों पर मंथन कर रहे हैं। लेकिन पांच बड़े कारण ऐसे हैं जो साफ तौर पर नजर आ रहे हैं। जिनकी वजह से कांग्रेस को उ मीद के विपरीत परिणाम प्राप्त हुए हैं।

**जनता पर छोड़ा**

कांग्रेस की हार के सबसे बड़े कारण पर अगर बात की जाए। तो कहा जा रहा है कि कांग्रेस ने खुद यह चुनाव कभी लड़ा ही नहीं। कांग्रेस ने पूरा चुनाव जनता के भरोसे छोड़ दिया। कमलनाथ खुद ये कहते नजर कि सवाल मेरे या कांग्रेस के भविष्य का नहीं बल्कि एमपी के भविष्य का है। जनता खुद चुनाव लड़ रही है हमें जनता पर पूरा भरोसा है। इसके चलते कांग्रेस जनता के बीच पहुंची ही नहीं। कांग्रेस को यह भ्रम रहा कि जनता भाजपा से नाराज है और वो परिवर्तन चाहती है।

**प्रियंका बहनों को साध नहीं पाई**

कांग्रेस की हार के दूसरे सबसे बड़े कारण की बात करें तो कांग्रेस कोई एक स्थाई चेहरा जनता के सामने पेश नहीं कर पाई। प्रियंका गांधी और राहुल गांधी ने मध्य प्रदेश में सभाएं कीं, लेकिन जनता का विश्वास जीतने में वे पूरी तरह से असफल रहे वहीं प्रियंका गांधी महिलाओं को साधने में विफल रहीं।

**आपसी खींचतान उजागर**

कांग्रेस की हार का तीसरा बड़ा कारण देखें तो कांग्रेस की आपसी खींचतान उसकी हार की एक बड़ी वजह बनी। कांग्रेस के दिग्गज नेताओं का विवाद सार्वजनिक तौर पर देखा गया। वे मंच पर खुलकर एक दूसरे के खिलाफ बोलते नजर आ आए। कांग्रेस गुटबाजी खेमेबाजी में उलझी रही। कांग्रेस नेता एकजुट होने की बजाय बिखरे टूटे और अलग अलग दिखाई दिए। बड़े नेताओ के रवैए ने कार्यकर्ताओं को भी बांट दिया।जिसका सीधा असर जनता में दिखाई दिया।

**पीसीसी और एआईसीसी अलग-अलग दिखे**

कांग्रेस की हार का चौथा बड़ा कारण देखा जाए तो पीसीसी और एआईसीसी में बिल्कुल भी कोऑर्डिनेशन नजर नहीं आया बल्कि इसके उलट दोनों ही दो अलग-अलग विपरीत ध्रुव नजर आए। पीसीसी की टीम और एआईसीसी की टीम के बीच तालमेल की कमी ने कांग्रेस का सारा खेल बिगाड़ दिया है।

**नाथ अकेले दिखे**

मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव में कांग्रेस की हार का पांचवां बड़ा कारण कमलनाथ का अकेले किला लड़ाना। कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष कमलनाथ मैदान में अकेले ही दिखाई दिए। अरुण यादव, सुरेश पचौरी जेसे कांग्रेस के अन्य दिग्गज नेता फेम से आउट दिखाई दिए। वहीं अजय सिंह, नेताप्रतिपक्ष गोविंद सिंह, कमलेश्वर पटेल, जीतू पटवारी अपने ही गढ़ों में फंस कर रहे गए।

# शिवपुरी में खाद की कमी से किसान परेशान

शिवपुरी। मध्य प्रदेश के शिवपुरी जिले में खाद की समस्या से इस समय किसान परेशानी में आ गए हैं। खाद नहीं मिलने से परेशान किसानों को खाद वितरण केंद्रों पर तड़के चार बजे से लाइन में लगना पड़ रहा है। किसानों का कहना है कि इस समय खाद की बेहद आवश्यकता है, लेकिन खाद नहीं मिल रही। खाद न मिलने से परेशान किसानों के अलावा महिला किसान भी लाइन में लग रही हैं।

किसानों का कहना है कि खाद की समस्या को लेकर वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराया गया है। लेकिन उनकी कोई सुनवाई नहीं हो रही है। जितनी मांग है उतनी पूर्ति संबंधित विभाग के द्वारा नहीं की जा रही है। इसके कारण वितरण केंद्रों पर किसानों की लंबी-लंबी लाइन देखी जा रही है।

शिवपुरी जिले में बीते दो दिन में मावठ की बारिश हुई है। इसके कारण रबी सीजन में सरसों, चना और गेहूं की फसलों के लिए खाद, डीएपी और यूरिया की आवश्यकता है। लेकिन इस समय खाद न मिलने से किसानों को अपने खेतों को छोड़कर के खाद वितरण केंद्रों पर लंबी-लंबी लाइनों में लगना पड़ रहा है। किसानों ने बताया कि फसलों के लिए इस समय खाद की आवश्यकता है, लेकिन जितनी मांग है उतनी खाद नहीं मिल पा रही है।

# 8 फीसदी वोटों के अंतर ने चला दी बीजेपी की आंधी, उड़ गई कांग्रेस

भोपाल। एमपी में बीजेपी का कमल फिर खिला है जबकि कांग्रेसी पंजा पस्त पड़ गया है। राज्य में बीजेपी की ऐसी आंधी चली कि कांग्रेस के सभी अरमानों पर पानी फिर गया। अभी तक के रुझानों में बीजेपी को राज्य में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिलते दिख रहा है। राज्य विधानसभा में बहुमत का आंकड़ा 116 है।

**एमपी में बीजेपी का कमल फिर खिला है जबकि कांग्रेसी पंजा पस्त पड़ गया**

एमपी में बीजेपी का कमल फिर खिला है जबकि कांग्रेसी पंजा पस्त पड़ गया है। राज्य में बीजेपी की ऐसी आंधी चली कि कांग्रेस के सभी अरमानों पर पानी फिर गया। अभी तक के रुझानों में बीजेपी को राज्य में दो तिहाई से ज्यादा बहुमत मिलते दिख रहा है।

इस बार बीजेपी के पक्ष में जबर्दस्त वोटिंग हुई है। चुनाव आयोग से मिली ताजा जानकारी के मुताबिक बीजेपी को जहां इस बार 48.78 प्रतिशत वोट मिले हैं वहीं कांग्रेस को 40.37 वोट प्राप्त हुए हैं। इस तरह बीजेपी को कांग्रेस की तुलना में 8 प्रतिशत से ज्यादा मत प्राप्त हुए। वोट प्रतिशत के इस भारी भरकम अंतर से बीजेपी की जबर्दस्त लहर चली जिसके आगे कांग्रेसी दिग्गज भी खेत रहे।

खास बात यह है कि 2018 के विधानसभा चुनावों में भी बीजेपी को कांग्रेस की तुलना में ज्यादा मत प्राप्त हुए थे। वोट शेयरिंग के मामले में बीजेपी पिछले चुनाव में भी कांग्रेस से आगे रही थी। हालांकि तब सीटों के मामले में बीजेपी कांग्रेस से पीछे रह गई थी।




2018 में बीजेपी को विधानसभा चुनाव में 41.0 फीसदी वोट मिले थे जबकि कांग्रेस को 40.9 फीसदी वोट प्राप्त हुए थे। तब कांग्रेस को 1 करोड़ 55 लाख 95 हजार 153 वोटर्स की समर्थन प्राप्त हुआ था। इसकी तुलना में बीजेपी को 1 करोड़ 56 लाख 42 हजार 980 वोटर्स ने वोट दिए थे। इस तरह बीजेपी को ज्यादा वोट मिले लेकिन इसके बाद भी प्रदेश में कांग्रेस की सरकार बनी। कम वोट पाकर भी कांग्रेस 114 सीटें जीतने में कामयाब रही थी जबकि ज्यादा वोट मिलने के बाद भी बीजेपी महज 109 सीटों पर सिमटकर रह गई। कांग्रेस ने निर्दलीय, सपा और बसपा विधायकों का समर्थन जुटाकर सरकार बना ली थी। हालांकि 15 माह बाद ही 22 विधायकों के साथ ज्योतिरादित्य सिंधिया भाजपा में शामिल हो गए और कांग्रेस की सरकार गिर गई।

इससे पहले सन 2013 के चुनाव में बीजेपी को 44.88 फीसदी वोट मिले थे। उस चुनाव में कांग्रेस को महज 36.38 फीसदी वोट ही मिल सके थे। उस चुनाव में बीजेपी ने 165 सीटें जीती थी जबकि कांग्रेस को महज 58 सीटें ही मिली थीं।

# महिदपुर सीट की मतपेटी के ताले पर नहीं मिली सील, कांग्रेस का हंगामा



उज्जैन। शनिवार को जिला कोषालय के स्ट्रांग रूम का दरवाजा खोल डाक मत पत्रों से भरी पेटियों को बाहर लाया गया तो कांग्रेस के चुनाव अभिकर्ताओं ने महिदपुर विधानसभा सीट की मतपेटी के ताले पर सील न लगी देख हंगामा शुरू कर दिया। सूचना पाकर तराना के कांग्रेस प्रत्याशी महेश परमार व उज्जैन उत्तर की कांग्रेस प्रत्याशी माया त्रिवेदी भी मौके पर पहुंच गईं।

**कांग्रेस का आरोप-** दोनों ने आरोप लगाया कि प्रशासन भाजपा का एजेंट बनकर काम कर रहा है औप गुपचुप तरीके से मतों की हेराफेरी कर रहा है। घटना दोपहर साढ़े तीन बजे की है। लगभग घंटेभर चले हंगामे को कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी कुमार पुरुषोत्तम ने पारदर्शिता के साथ ही मतगणना और चुनाव परिणाम घोषित करने का आश्वासन देकर समाप्त कराया।

**कले टर की समझाइस के बाद मानें-** कले टर ने कहा कि कोई गड़बड़ी नहीं हुई है। सारे डाक मत पत्र जिला कोषालय के डबल लाक स्ट्रांग रूम में रखे गए थे। आज भी तीन डाक मत पत्र प्राप्त हुए थे और रविवार सुबह सात बजकर 59 मिनट तक भी प्राप्त होंगे तो उन्हें भी स्वीकार कर मत पेटी में एकत्र किया जाएगा। डाक मत पत्रों के आने और उन्हें मतपेटियों में रखने की पूर्व सूचना सभी राजनीतिक दलों के प्रतिनिधियों और प्रत्याशियों को दी गई थी।

# बहनों ने नहीं किया शिवराज को निराश, पार्टी की झोली को सीटों से भर दिया

भोपाल। मध्य प्रदेश के विधानसभा चुनावों में एक बार फिर शिवराज सिंह चौहान की तूती बोली है। भले ही भाजपा ने सामूहिक नेतृत्व में चुनाव लड़ा हो और शिवराज का चेहरा सीएम के चेहरे के तौर पर प्रोजे ट न किया हो, उन्होंने जिस तरह से चुनाव प्रचार का नेतृत्व किया और 160 रैलियां की, उसने भाजपा की जीत की नींव रखी है। शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहन योजना चुनाव में गेम चेंजर साबित हुई। इस बंपर जीत के पीछे महिला वोटरों की भूमिका बेहद अहम मानी जा रही है।

**लाड़ली बहना ने निभाई अहम भूमिका**

मध्य प्रदेश में भाजपा की जीत में शिवराज सिंह चौहान की लाड़ली बहन योजना ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। चौहान की राजनीतिक किस्मत बदलकर रख दी है। लाड़ली बहना योजना के तहत मध्य प्रदेश की 1.31 करोड़ महिलाओं को 1250 रुपये हर महीने दिए जा रहे हैं। शिवराज ने न सिर्फ चुनावी रैलियों में बल्कि उससे पहले अलग-अलग लाड़ली बहना स मेलन कर महिलाओं से भावनात्मक रिश्ता जोड़ा। इसी वजह से जब शिवराज की पार्टी को निर्णायक बढ़त मिली तो बड़ी सं या में लाड़ली बहनों ने मु यमंत्री निवास पहुंचकर जीत का जश्न मनाया।



**सोशल मीडिया पर जताया आभार**

मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने जीत के बाद सोशल मीडिया पर अपने फॉलोअर्स को संदेश दिया। उन्होंने लिखा कि पूरे कैंपेन के दौरान आपका जो प्यार, सहयोग और स्नेह मिला, वो अद्भुत व अभूतपूर्व था। आपके प्यार और सहयोग के जरिये आज भारतीय जनता पार्टी ने मध्यप्रदेश में ऐतिहासिक सफलता प्राप्त की है। आपका यह प्रेम और स्नेह बना रहे... मैं आपको विश्वास दिलाता हूं कि आपकी अपेक्षाओं पर हम खरा उतरेंगे और प्रदेश व प्रदेशवासियों की सेवा करते रहेंगे। सभी का बहुत-बहुत धन्यवाद।

# सुबह 7 बजे खोला गया स्ट्रांगरूम

**जबलपुर। सुबह 7 बजे निर्वाचन आयोग के गणना प्रेक्षकों की मौजूदगी में खोला गया। स्ट्रांगरूम को खोले जाने की सूचना सभी मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों एवं उ मीदवारों को भी दी गई है। स्ट्रांगरूम को खोलने के समय मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों के पदाधिकारी, उ मीदवार एवं उनके निर्वाचन अधिकारी मौजूद रहे।**

# जबलपुर में लहराया भगवा, जिले की 8 सीटों में 7 में बीजेपी; 1 में कांग्रेस की जीत

जबलपुर। जबलपुर जिले में 8 विधानसभाए हैं. सभी सीटों पर सीधे तौर पर कांग्रेस और बीजेपी के बीच कड़ा मुकाबला रहा है. जिले की 8 सीटों में से बीजेपी ने 7 सीटों पर जीत दर्ज की है. एक सीट कांग्रेस ने जीती है. ये सीट जबलपुर पूर्व विधानसभा की है.

मध्य प्रदेश के जबलपुर जिले में इस बार भारी मतदान हुआ है. यहां 75.39 फीसदी वोटिंग हुई है. पूरे प्रदेश में इस बार कुल 77.15 फीसदी मतदान हुआ है. जबलपुर जिले में 8 विधानसभा सीट हैं. चुनाव के दौरान जिले की सभी सीटों पर बीजेपी और कांग्रेस उ मीदवारों के बीच कड़ा मुकाबला बना हुआ था. जिले की सिहोरा विधानसभी सीट से बीजेपी ने संतोष बारबेडे को मैदान में उतारा है. यह जिले की आरक्षित सीट है. रविवार को विधानसभा चुनाव के चुनाव परिणाम आए हैं. इन परिणामों के अनुसार जबलपुर विधानसभा की सभी 8 सीटों में बीजेपी ने 7 में जीत दर्ज की है. एक सीट पर कांग्रेस ने जीत दर्ज की है.

# भाजपा की बड़ी जीत, सीएम शिवराज-नरेंद्र तोमर-विजयवर्गीय जीते, गृहमंत्री मिश्रा हारे

भोपाल। मुरैना जिले में 3 भाजपा 3 कांग्रेस। जिले की अंबाह विधानसभा क्षेत्र से कांग्रेस प्रत्याशी देवेंद्र सखवार चुनाव जीते। दिमनी विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी नरेंद्र सिंह तोमर चुनाव जीते। मुरैना से कांग्रेस प्रत्याशी दिनेश गुर्जर जीत के नजदीक हैं। सुमावली से भाजपा प्रत्याशी एदल सिंह कंसाना चुनाव जीते।जोरा विधानसभा से कांग्रेस प्रत्याशी पंकज उपाध्याय जीते। सबलगढ़ विधानसभा से भाजपा प्रत्याशी सरला रावत जीती।

छतरपुर से पूर्व मंत्री ललिता यादव चुनाव जीतीं। पन्ना की तीनों सीटें भाजपा ने जीत दर्ज की। धार विधानसभा से भाजपा की नीना वर्मा जीती। बदनावर विधानसभा से कांग्रेस के भंवर सिंह शेखावत जीते। सरदारपुर विधानसभा में कांग्रेस प्रताप ग्रेवाल से जीते। गंधवानी विधानसभा में कांग्रेस के उमंग सिंघार से जीते। कुक्षी से कांग्रेस के सुरेंद्र सिंह बघेल से जीते। मनावर से हीरालाल अलावा जीते। धरमपुरी से कांग्रेस के पंचीलाल मेड़ा जीते।

उज्जैन विधानसभा परिणाम- कांग्रेस महेश परमार के तराना 1949 वोटो से जीते। भाजपा से जितेंद्र पांडे बड़नगर विधानसभा 36693 वोट से जीते। भाजपा से सतीश मालवीय घटिया विधानसभा 17666 वोट से जीते। कांग्रेस दिनेश जैन बॉस महिदपुर विधानसभा से 290 वोटो से जीते।




**भारत आदिवासी पार्टी ने मध्य प्रदेश में पहली जीत दर्ज की**

भारत आदिवासी पार्टी ने रतलाम जिले की सैलाना सीट जीतकर मध्य प्रदेश में अपनी पहली जीत दर्ज की। चुनाव आयोग के अनुसार, पार्टी के कमलेश्वर डोडियार ने सैलाना निर्वाचन क्षेत्र में निकटतम प्रतिद्वंद्वी और कांग्रेस उ मीदवार हर्ष विजय गहलोत को 4,618 मतों के अंतर से हराया। यह पहली बार है कि राजस्थान में मु यालय वाली भारत आदिवासी पार्टी ने मध्य प्रदेश के किसी चुनाव में जीत दर्ज की है। रतलाम की सैलाना सीट राजस्थान की सीमा पर स्थित है।

बमोरी से भाजपा प्रत्याशी महेंद्र सिंह सिसोदिया हार चुके हैं। वे शिवराज सरकार में मंत्री थे। यहां ऋषि अग्रवाल से चुनौती थी। भोपाल से विधायक रामेश्वर शर्मा 1 लाख से जीते।

मनोज पटेल 14000 वोटों से जीते हैं। वहीं इंदौर 4 से विधायक मालिनी गौड़ जीती हैं। इंदौर 3 से गोलू शु ला ने जीत हासिल की है।

**शिवराज सिंह चौहान 77286 वोट से जीते**

सीहोर जिले की बुधनी सीट से मु यमंत्री शिवराज सिंह चौहान जीत गए हैं। उन्होंने कांग्रेस के विक्रम मस्ताल को हराया है। शिवराज सिंह चौहान 77286 वोट से जीते हैं। मंत्री गोपाल भार्गव 72041 वोट से जीते। इंदौर की दो नंबर विधानसभा से रमेश मैंदोला एक लाख पांच हजार से जीत चुके हैं। दतिया से गृहमंत्री नरोत्तम मिश्रा 6179 मतों से हार गए हैं।

ग्वालियर अंचल की हाई प्रोफाइल सीट दिमनी से भाजपा प्रत्याशी सांसद नरेंद्र सिंह तोमर 24429 वोटो से जीत गए हैं। उनके नजदीकी प्रतिद्वंद्वी बसपा प्रत्याशी बलवीर दंडोतिया रहे। 19 राउंड पूरे होने के बाद 24429 वोटों से वे चुनाव जीते हैं।

**कांग्रेस का अभेद किला ड़हा**

भितरवार विधानसभा से बीजेपी प्रत्याशी मोहन सिंह राठौड़ जीते। 22695 वोटो से जीत हुई है। सिंधिया समर्थक हैं मोहन सिंह राठौड़।

**सोनकच्छ विधानसभा से बड़ा अपडेट**

कैलाश विजयवर्गीय को सलाह देने वाले सज्जन सिंह वर्मा देवास के सोनकच्छ से चुनाव हार गए हैं। राजेश सोनकर 23517 वोट से जीते हैं। देवास बागली से भाजपा छोड़कर कांग्रेस में दीपक जोशी भी 3772 वोट से हार गए हैं। बता दें, सज्जन सिंह वर्मा ने दो ट्रक नोट आने का आरोप लगाया था। देवास जिले की सोनकच्छ सीट से चुनाव लड़ रहे पूर्व मंत्री व कांग्रेस प्रत्याशी सज्जन सिंह वर्मा भाजपा के राजेश सोनकर से 23,517 वोटों से हार गए हैं। वर्मा ने हाल ही में भाजपा पर खरीद फरो त के लिए दो ट्रक नोट बुलवाने का आरोप लगाया था।

**भोपाल की तीन सीटों पर नतीजे साफ**

भोपाल उत्तर से कांग्रेस के आतिफ अकील जीते। बीजेपी कैंडिडेट आलोक शर्मा को अतिफ अकील ने 27086 वोट हराया है। आरिफ़ मसूद ने 22 हजार वोटों से जीत दर्ज की। उन्होंने भाजपा के ध्रुवनारायण को हराया है। भोपाल की बैरसिया सीट बीजेपी ने जीती, बीजेपी के विष्णु खत्री तीसरी बार यहां से जीते हैं। उन्होंने 26495 से जीत दर्ज कर कांग्रेस की जयश्री हरिकिरण को हराया है।

**कमलनाथ बोले- जनादेश स्वीकार्य**

मध्यप्रदेश में कांग्रेस की हार के बाद पीसीसी चीफ कमलनाथ ने कहा कि हम जनता का निर्णय स्वीकार करते हैं। विरोधी दल के नाते हमारी जो जि मेदारी है उस पर हम डटे रहेंगे। मैं भारतीय जनता पार्टी को बधाई देता हूं। मुझे उ मीद है भाजपा जनता के विश्वास को जि मेदारी से निभाएगी। कमलनाथ बोले हम हमारी हार पर चिंतन करेंगे कि आखिर हमसे कहां चूक हो गई और हम जनता का विश्वास ` यों नहीं जीत पाए। हम हमारे जीते और हारे दोनों प्रत्याशियों के साथ चर्चा करेंगे।

**राजा साब को शुभकामना: सिंधिया**

केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने तीन राज्यों में भाजपा की जीत पर खुशी प्रकट करते हुए जनता का आभार माना। साथ ही दिग्विजय सिंह पर तंज कसते हुए कहा, %राजा साब को धन्यवाद देता हूं। उन्हें दिल से शुभकामना देता हूं। मैं किसी के प्रति मन में दुर्भावना नहीं रखता। जो लोग कद की बात कर रहे थे, उन्हें जनता ने कद दिखा दिया है।

# जबलपुर में पश्चिम से भाजपा के राकेश सिंह 30435 वोटों से विजयी



जबलपुर। जिले के आठों विधानसभा क्षेत्रों की मतगणना लगभग पूरी हो चुकी है। 8 में से 7 सीट भाजपा ने जीती। औपचारिक घोषणा होना बाकी है। जवाहरलाल नेहरू कृषि विश?वविद्यालय मैं प्रारंभ हो गई है। मतगणना की शुरुआत डाकमतों की गिनती से प्रारंभ हुई। जबलपुर की आठों विधानसभा क्षेत्र में चुनाव की मतगणना शुरू होते ही रुझान आने शुरू हो गए हैं। जबलपुर में पश्चिम से भाजपा के राकेश सिंह को 12वें राउंड में 66867 और कांग्रेस के तरुण भनोट को 44963 वोट मिले। जबलपुर में पश्चि?म से भाजपा के राकेश सिंह 30435 वोटों से जीत गए हैं। लखन घनघोरिया 27 784 वोट से जीते। लखन घनघोरिया नेकहा कि देव तुल्य जनता को जीत की समर्पित है। आगे बाले- कांग्रेस का संघर्ष जारी रहेगा।

विधानसभा निर्वाचन 2023 की मतगणना संपन्न

# बिछिया से नारायण सिंह पट्टा, निवास से चैनसिंह वरकड़े तथा मंडला से संपतिया उईके निर्वाचित











मंडला यशोः- विधानसभा आम निर्वाचन-2023 के अंतर्गत जिले की बिछिया, निवास तथा मंडला विधानसभा क्षेत्र के लिए 3 दिसंबर को शासकीय पॉलीटेर्ति नक परिसर मंडला में मतगणना संपन्न हुई। जिले की तीनों विधानसभा के लिए अलग-अलग चक्रों में मतगणना संपन्न हुई। बिछिया विधानसभा से नारायण सिंह पट्टा, निवास विधानसभा से चैनसिंह वरकड़े तथा मंडला विधानसभा से संपतिया उईके निर्वाचित हुए, जिन्हें संबंधित रिटर्निंग अधिकारी द्वारा विजेता प्रमाण-पत्र प्रदान किया गया। मतगणना के दौरान निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त प्रेक्षक शाह नवाज चौधरी, ओइनम सरनकुमार सिंह तथा अनुरूद्ध राहा, कले टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. सलोनी सिडाना, पुलिस अधीक्षक रजत सकलेचा, उप जिला निर्वाचन अधिकारी राजेन्द्र कुमार सिंह, तीनों विधानसभा के रिटर्निंग अधिकारी सहित संबंधित अधिकारी एवं राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

**किसको कितने वोट मिले**

प्राप्त जानकारी के अनुसार बिछिया विधानसभा में कुल 5 अ यर्थी चुनाव मैदान में थे, जिनमें से इंडियन नेशनल कांग्रेस के नारायण सिंह पट्टा को 89222, भारतीय जनता पार्टी के डॉ. विजय आनंद मरावी को 78157, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के इंजी. कमलेश तेकाम को 39115, निर्दलीय विनीत टोप्पो को 1592 तथा निर्दलीय सुनील उईके को 1569 मत प्राप्त हुए। बिछिया विधानसभा में उपरोक्त में से कोई नहीं नोटा को 4420 वोट प्राप्त हुए।

निवास विधानसभा में कुल 5 अ यर्थी चुनाव मैदान में थे, जिनमें से इंडियन नेशनल कांग्रेस के चैनसिंह वरकड़े को 99644, भारतीय जनता पार्टी के फग्गन सिंह कुलस्ते को 89921, गोंड़वाना गणतंत्र पार्टी के देवेन्द्र मरावी भोई को 19264, क्रांति जनशक्ति पार्टी के मनमोहन सिंह गौठरिया को 2884 तथा निर्दलीय जेनीफर मेरी को 1836 मत प्राप्त हुए। निवास विधानसभा में उपरोक्त में से कोई नहीं नोटा को 4346 वोट प्राप्त हुए।

मंडला विधानसभा में कुल 11 अ यर्थी चुनाव मैदान में थे, जिनमें से इंडियन नेशनल कांग्रेस के डॉ. अशोक मर्सकोले को 97188, बहुजन समाज पार्टी के इंदर सिंह उईके को 3696, भारतीय जनता पार्टी के संपतिया उईके को 113135, गण सुरक्षा पार्टी के श्रीमती कलिया बाई कोकड़िया को 1191, बहुजन मुक्ति पार्टी के मानसिंह कोकड़िया को 315, आजाद समाज पार्टी के शिशु सिंधु भलावी को 461 तथा निर्दलीय उर्मिला सिंह उइके को 869, कमलेश उईके को 403, दीनदयाल कुमरे को 506, सुन्हेर कुशराम को 737 एवं सुरेन्द्र सिंह सिरश्याम को 1142 मत प्राप्त हुए। मंडला विधानसभा में उपरोक्त में से कोई नहीं नोटा को 2892 वोट प्राप्त हुए।

## स्कूली बच्चों का विदेशी मेहमानों ने किया उत्साहवर्धन

### सांस्कृतिक कार्यक्रम का हुआ आयोजन

छपारा यशोः- नगर के सबसे पुराने आशासकीय शिक्षा संस्थाओं में से एक मिशन स्कूल में ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन से पधारे अतिथियों की उपस्थिति में सांस्कृतिक कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इसी के दौरान जिन विद्यार्थियों ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया, जिसमे नृत्य विधा, प्रोजे ट तैयार करना, विज्ञान से संबंधित मॉडल और क्रा ट तैयार किए, वही स्कूली बच्चों के द्वारा रंगोली बनाई गई और खूबसूरत ड्रॉइंग बनाई गई थी।

इसके साथ ही सभी कार्यक्रमों में हिस्सा लिए विद्यार्थियों के अभिभावकगण जिन्होंने परिश्रम करके अपने बच्चों को कार्यक्रम की तैयारी कराये थे उनकी भी उपस्थिति इस दौरान रही।

उक्त कार्यक्रम मैं शामिल हुए ऑस्ट्रेलिया और ब्रिटेन से पधारे विदेशी मेहमानों ने इस आयोजन का जमकर लु त लिया साथ ही बच्चों के द्वारा बनाए गए विभिन्न मॉडल प्रोजे ट, रंगोलिओ और सांस्कृतिक कार्यक्रमों की सराहना की साथ ही इन बच्चों का उत्साहवर्धन किया। इसके अलावा स्कूल प्रबंधन का इस तरह के आयोजन करने जिसमें बच्चों के सर्वांगीण विकास के लिए इस तरह की आयोजन करने पर आभार व्यक्त किया। उक्त कार्यक्रम में स्कूल के सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे एवम स्कूल प्रबंधन द्वारा सभी को इस अविस्मरणीय कार्यक्रम की सफलता के लिए आभार व्यक्त किया गया।

# मण्डला विधानसभा में प्रचण्ड जीत पर भाजपा कार्यालय में मनाया जश्न

## भाजपा की जीत पर निकली स्वागत रैली में संपतिया उइके का हुआ भव्य स्वागत

मण्डला यशोः- भारतीय जनता पार्टी को मण्डला विधानसभा चुनाव परिणाम में भारी बहुमत से जीत मिलने पर भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में कार्यकर्ताओं ने एक दूसरे को शुभकामना और बधाई देते हुए मिठाईयां वितरित कर जश्न मनाया तथा कार्यकर्ताओं ने जमकर आतिशबाजी की ढोल एवं डीजे में कार्यकर्ताओं ने जमकर नृत्य किया एवं भारतीय जनता पार्टी के जयघोष के नारे लगाये श्रीमति संपतिया उइके के भाजपा कार्यालय आगमन पर उपस्थित बड़ी सं या में कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया। इस अवसर पर भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि मण्डला विधानसभा में भारतीय जनता पार्टी की जीत कार्यकर्ताओं के सामूहिक प्रयास और सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं के कारण हुई है। श्रीमति संपतिया उइके ने मण्डला विधानसभा की जीत का श्रेय संगठन कार्यकर्ताओं एवं मतदाताओं को समर्पित किया उन्होंने कहा कि मण्डला विधानसभा क्षेत्र की जनता की जनआकांक्षाओं को पूरा करने में हम समर्पित भाव से काम करेंगे। विधायक श्री देवसिंह सैयाम ने देश के प्रधानमंत्री श्री मोदी जी की टीम के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि मण्डला विधानसभा की जनता का आर्शीवाद भाजपा को मिला है क्षेत्र के विकास में हर संभव प्रयास हम मिलकर करेंगे। उन्होंने विधानसभा क्षेत्र की जनता के प्रति आभार व्यक्त किया। विधानसभा प्रभारी राजेश पाठक ने जीत के परिणाम के प्रति सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद ज्ञापित किया।




श्रीमति संपतिया उइके का जगह-जगह हुआ भव्य स्वागत

मण्डला विधानसभा क्षेत्र की जीत की खबर लगते ही पूरी विधानसभा क्षेत्र में जश्न का वातावरण बना रहा मतगणना स्थल से लेकर शहर के मु य मार्ग पर स्वागत रैली कार्यकर्ताओं ने निकाली इस अवसर पर नगर के अनेक स्थानों पर विधायक श्रीमति संपतिया उइके का स्थानीय नागरिकों मातृशक्तियों व्यापारियों एवं अनेक सामाजिक संगठनों ने उनका भव्य स्वागत किया। मण्डला विधानसभा क्षेत्र में भारतीय जनता पार्टी की प्रचण्ड जीत को लेकर क्षेत्र के सभी मण्डलों एवं ग्रामीण क्षेत्रों में स्थानीय कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों ने रैली निकालकर भाजपा की जीत का जश्न मनाया।

# एमपी के मन में और देश के दिल में हैं प्रधानमंत्री मोदी - चौहान

## मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार, रणनीति व सामूहिक नेतृत्व से मिली ऐतिहासिक जीत- शर्मा

भोपाल 03/12/2023। हमारे प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी एमपी के मन में और देश के दिल में बसे हैं। मध्यप्रदेश को लगातार उनका प्यार और आशीर्वाद मिला है तथा प्रदेश की जनता भी उनके प्रति अगाध विश्वास और श्रद्धा रखती है। इसी श्रद्धा और विश्वास के चलते प्रधानमंत्री जी ने जो गारंटी दी, जनता ने उस पर भी विश्वास किया और भाजपा पर भरपूर प्यार और आशीर्वाद लुटाया है। श्री चौहान ने कहा कि पार्टी को मिली इस शानदार सफलता के लिए मैं प्रदेश की जनता तथा प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी को प्रणाम करता हूं, हृदय से धन्यवाद देता हूं। यह बात मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान एवं पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने रविवार को पार्टी के प्रदेश कार्यालय में प्रचंड जीत के पश्चात कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कही। पार्टी नेताओं ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी को मिली विराट विजय यह बताती है कि मध्यप्रदेश में मोदी मैजिक चला है।

***डबल इंजन सरकार के काम को जनता ने दिया आशीर्वाद***

मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि मध्यप्रदेश में भाजपा को एक बार फिर शानदार जीत मिली है। भाजपा सरकार ने यहां जो प्रगति और विकास के काम किए हैं, उन्हें जनता ने अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है। हमने हर वर्ग के कल्याण के लिए लाडली बहना योजना, सीखो कमाओ योजना जैसी जो योजनाएं बनाई और केंद्र सरकार की योजनाओं का जिस तरह से क्रियान्वयन किया है, डबल इंजन सरकार के इन कामों को जनता ने अपना प्यार और आशीर्वाद दिया है। हम सभी जनता को यह विश्वास दिलाते हैं कि हम जनता को दिया गया एक-एक वचन पूरा करेंगे।

***सभी ने मिलकर की मेहनत***

मु यमंत्री श्री शिवराजसिंह चौहान ने कहा कि इस चुनाव में देश के गृहमंत्री और कुशल रणनीतिकार श्री अमित शाह जी ने जीत की रणनीति तैयार की। हमें राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी का कुशल मार्गदर्शन मिला। राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री श्री शिवप्रकाश जी, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी श्री भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक श्री नरेंद्र सिंह तोमर, प्रदेश अध्यक्ष व सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव सह प्रभारी श्री अश्विनी वैष्णव, केंद्रीय मंत्री श्री ज्योतिरादित्य सिंधिया और हम सभी लोगों ने कार्यकर्ताओं के साथ मिलकर काम किया, मेहनत की। यह जीत उसी का परिणाम है और इसके लिए मैं सभी कार्यकर्ताओं को धन्यवाद देता हूं।

***प्रदेश में जनता के प्यार की प्रो इन्कमबेंसी थी***

मु यमंत्री श्री चौहान ने कहा कि चुनाव के दौरान कांग्रेस यह दुष्प्रचार कर रही थी कि प्रदेश में एंटी इनकमबेंसी है। प्रदेश में कोई एंटी इनकमबेंसी नहीं थी, जनता के प्यार की प्रो इनकमबेंसी थी। उन्होंने कहा कि जनता ने भारतीय जनता पार्टी पर भरपूर प्यार और आशीर्वाद लुटाया है।

***विकास और गरीब कल्याण के कामों को जनता ने दिया आशीर्वादः विष्णुदत्त शर्मा***



भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष एवं सांसद श्री विष्णुदत्त शर्मा ने अपने संबोधन में कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा की डबल इंजन की सरकार, रणनीति व सामूहिक नेतृत्व से मिली ऐतिहासिक जीत है। केंद्रीय गृह मंत्री श्री अमित शाह जी और पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री जेपी नड्डा जी के कुशल नेतृत्व और रणनीति की वजह से भारतीय जनता पार्टी एक बार फिर प्रचंड बहुमत से सरकार बना रही है। इसके लिए पार्टी के शीर्ष नेतृत्व को बहुत-बहुत धन्यवाद। केंद्र और राज्य की भाजपा सरकारों की नीतियों और विकास तथा गरीब कल्याण के कार्यों के लिए जनता ने पार्टी को आशीर्वाद दिया है। जनता के आशीर्वाद से ही भाजपा ऐतिहासिक जीत प्राप्त कर रही है। उन्होंने कहा कि हमें अपने देवतुल्य कार्यकर्ताओं पर गर्व है, जिनकी अथक मेहनत से यह प्रचंड जीत मिली है।

***कार्यकर्ताओं ने किया 51 प्रतिशत वोट शेयर के लक्ष्य को पूरा***

प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री व कुशल संगठक व रणनीतिकार श्री अमित शाह जी ने मध्यप्रदेश विधानसभा चुनाव में हर बूथ पर 51 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त करने का टास्क दिया था। पार्टी के देवदुर्लभ कार्यकर्ताओं ने प्रदेश के 64523 बूथों पर अथक मेहनत करके हरा बूथ को जीतने के साथ 51 प्रतिशत वोट शेयर प्राप्त करने का कार्य किया है। देर रात तक जब पूरे प्रदेश का फानइल चुनाव परिणाम आएगा तो आप देखेंगे कि भाजपा अधिकांश बूथों पर 51 प्रतिशत प्राप्त वोट शेयर प्राप्त कर रही है। प्रदेश अध्यक्ष श्री शर्मा ने कहा कि मध्यप्रदेश में भारतीय जनता पार्टी ने सामूहिक नेतृत्व के साथ चुनाव लड़ा है और पार्टी का एक-एक कार्यकर्ता लगातार जमनी स्तर पर कार्य करके पार्टी को ऐतिहासिक बहुमत दिलाने का कार्य किया है।

***प्रदेश कार्यालय में जमकर मना जश्न, पटाखे फोड़कर मनाई खुशी***

भारतीय जनता पार्टी को विधानसभा चुनाव परिणाम में प्रचंड बढ़त मिलते ही दोपहर में प्रदेश कार्यालय में पार्टी नेताओं व कार्यकर्ताओं ने एक-दूसरे को मिठाई खिलाकर जमकर जश्न मनाया। कार्यकर्ताओं ने पटाखे फोड़कर खुशी मनाई और ढोल नगाड़ों की थाप पर कार्यकर्ताओं ने जमकर नृत्य किया। उत्साहित कार्यकर्ताओं ने खुशी में पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री विष्णुदत्त शर्मा को कंधे पर उठा लिया और भाजपा जिंदाबाद के नारे लगाए।

इस अवसर पर राष्ट्रीय सह संगठन महामंत्री शिवप्रकाश जी, केन्द्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रभारी भूपेन्द्र यादव, केंद्रीय मंत्री व प्रदेश चुनाव प्रबंधन समिति के संयोजक नरेंद्र सिंह तोमर, केन्द्रीय मंत्री एवं प्रदेश चुनाव सह प्रभारी अश्विनी वैष्णव, प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद जी, केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, पार्टी के पूर्व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष प्रभात झा, सांसद सुश्री प्रज्ञा सिंह ठाकुर, प्रदेश उपाध्यक्ष श्रीमती सीमा सिंह, प्रदेश मंत्री रजनीश अग्रवाल, राहुल कोठारी, लोकेन्द्र पाराशर, प्रदेश कोषाध्यक्ष अखिलेश जैन, महापौर श्रीमती मालती राय, विधायक रामेश्वर शर्मा, श्रीमती कृष्णा गौर, प्रदेश कार्यालय मंत्री डॉ. राघवेन्द्र शर्मा, प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश सह मीडिया प्रभारी जुगल किशोर शर्मा, श्रीमती क्षमा त्रिपाठी, पूर्व सांसद आलोक संजर, निगम मंडल अध्यक्ष विनोद गोटिया, शैलेन्द्र बरूआ, शैलेन्द्र शर्मा, शैतान सिंह पाल, विजय दुबे, प्रदेश प्रवक्ता पंकज चतुर्वेदी, नरेन्द्र सलूजा, मिलन भार्गव, महिला मोर्चा की प्रदेश अध्यक्ष श्रीमती माया नारोलिया, किसान मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष श्री दर्शन सिंह चौधरी, युवा मोर्चा प्रदेश अध्यक्ष वैभव पंवार, सोशल मीडिया विभाग के संयोजक अभिषेक शर्मा, आईटी विभाग के प्रदेश संयोजक अमन शु ला, भोपाल जिला प्रभारी महेन्द्र यादव, जिलाध्यक्ष सुमित पचौरी, सुनील पाण्डे, भोपाल नगर निगम अध्यक्ष किशन सूर्यवंशी, अभय प्रताप सिंह, प्रदीप त्रिपाठी, उमाकांत दीक्षित, श्याम बंसल, एसएस उप्पल, विजय अटवाल, पेनालिस्ट सचिन वर्मा, श्रीमती वंदना त्रिपाठी, शिवम शु ला, सत्येन्द्र जैन, रामदयाल प्रजापति व पार्टी के प्रदेश पदाधिकारी, जिला पदाधिकारी एवं हजारों की सं या में कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## 130 सीटों पर जीत का दावा करने वाले दिग्गज हारे, कांग्रेस को एमपी में लगा जबरदस्त झटका



भोपालः मध्य प्रदेश विधानसभा चुनाव के रिजल्ट 3 दिसंबर के दिन जारी किए जा रहे हैं। 230 विधानसभा सीटों मतगणना के आंकड़े लगातार सामने आ रहे हैं। जिसमें कांग्रेस बीजेपी के नेताओं के हार जीत के फैसले हो रहे हैं। प्रदेश की कई विधानसभा सीटों के आकड़ें लगभग` लीयर हो गए है और रिजल्ट भी लगभग तय हो चुके हैं। इसमें कांग्रेस के कई दिग्गज नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ रहा है।

दरअसल, पिछले बार के विधानसभा चुनाव के उलट इस बार का चुनाव काफी हैरान करने वाला रहा। पोस्टल बैलेट से लीड पर आई बीजेपी ने पीछे पलटकर नहीं देखा और लगातार जीत की ओर बढ़ती रही। वहीं कांग्रेस के लिए यह निराशाजनक रहा रुझानों में पीछे हुई कांग्रेस पीछे ही रही आई। पार्टी के कई दिग्गजों को हार का मुंह देखना पड़ा है।

**इंदौर से हारे दो दिग्गज नेता**

इंदौर जिले की दो विधानसभा सीटों पर कांग्रेस को हार का मुंह देखना पड़ा है। इसमें इंदौर विधानसभा क्षेत्र क्रमांक 1 से संजय शु ला को बीजेपी के दिग्गज नेता विजयवर्गीय ने हराया। वहीं, राऊ के विधानसभा क्षेत्र से जीतू पटवारी को मधु वर्मा ने करारी शिकस्त दी है।

**देवास से हारे दो कद्दावर नेता**

देवास जिले में बीजेपी ने कांग्रेस का सूपड़ा साफ करते हुए सभी 5 सीटों पर जीत दर्ज की। इसमें कांग्रेस के दो कद्दावर नेताओं को हार का मुंह देखना पड़ा है। इसमें पूर्व मंत्री सज्जन सिंह वर्मा सोनकच्छ से और पूर्व मंत्री दीपक जोशी खातेगांव से हारे।

**पूर्व सीएम दिग्विजय के भाई भी हारे, नया चेहरा भी हारा**

विधानसभा चुनाव में कांग्रेस के 135 सीट की जीत की बात कहने वाले पूर्व सीएम दिग्विजय सिंह के भाई और चौरा से प्रत्याशी लक्ष्मण सिंह को भी हार का मुंह देखना पड़ा है। वहीं कांग्रेस के नए चेहरे कालापीपल से उतरे प्रत्याशी की भी हार हुई है।

**राऊ में जीतू पटवारी को तगड़ा झटका, बीजेपी के मधु वर्मा से हारे चुनाव**

प्रदेश में 17 नवंबर के दिन मध्य प्रदेश की जनता ने मतदान किया था। मतदान तक बीजेपी और कांग्रेस के बीच टाइट फाइट मानी जा रही थी। एमपी के सभी एग्जिट पोल भी दोनों पार्टियों में कांटे की टक्कर बता रहे थे। लेकिन इस बार के चुनाव में ऐं सस माई इंडिया का एग्जिट पोल सबसे सही साबित हुआ।

दैनिक यशोन्नति की और खबरों तथा वीडिओ के लिये एप डाउनलोड करें -https://dainikyashonnati. com

स्वत्वाधिकारी प्रकाशक मुद्रक राजेश अग्रवाल द्वारा,नवीन प्रिंटर्स बींझावाड़ा रोड अकबर वार्ड सिवनी से मुद्रित एवं काली चौक टैगौर वार्ड सिवनी से प्रकाशित संपादक-मनोज मर्दन त्रिवेदी ईमेल-yasonati@gmail.com न्यायालीन क्षेत्र अधिकार सिवनी , 9425843297